Shamli News: दीपावली से पहले मिलावट का धंधा: शामली में नकली दूध, मावा और पनीर की भरमार




Shamli News: शामली जनपद में दीपावली जैसे बड़े त्योहार से पहले नकली दूध और पनीर के कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। जहां मिठाइयों की बढ़ती मांग का फायदा उठाकर कुछ लोग लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि खाद्य विभाग की छापेमारी के बावजूद इस अवैध धंधे पर कोई खास असर देखने को नहीं मिलता है ! दरअसल आपको बता दे मामला जनपद शामली का है त्योहारों का मौसम आते ही मिठाइयों की मांग में तेजी आ जाती है। यही वजह है कि नकली मावा, नकली दूध और नकली पनीर का कारोबार अचानक फलने-फूलने लगता है। शामली जनपद के कैराना, झिंझाना और थाना भवन जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नकली दूध और पनीर बनाए जाने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं।

**Source:** [https://newstrack.com/uttar-pradesh/shamli/shamli-fake-milk-mawa-paneer-business-before-diwali-543939](https://newstrack.com/uttar-pradesh/shamli/shamli-fake-milk-mawa-paneer-business-before-diwali-543939)